प्रकाशनार्थ

आनंद कालेज में ई–सेल व कलाम इनोवेशन केन्द्र का उद्घाटन

आगरा :– शारदा ग्रुप के आनंद इंजीनियरिंग कालेज, आगरा को ए0के0टी0यू0 लखनऊ द्वारा कलाम इनोवेशन एवं उद्यमिता केन्द्र घोषित किया गया है। इस केन्द्र के द्वारा सामाजिक क्षेत्र के लिए उपयोगी आविष्कारों एवं आम जनता में उनको प्रोत्साहित करना होगा।

आनन्द कालेज को यह केन्द्र विश्वविद्यालय की योजना ‘‘कलाम सेन्टर फोर इन्नोवेशन इनक्यूबेशन ऑफ स्टार्ट–अपस्’’ के अन्तर्गत घोषित किया गया है। उद्घाटन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री मानवेन्द्र प्रताप सिंह वैज्ञानिक ए.डी.आर.डी.ई. आगरा ने बताया कि आनन्द इंजीनियरिग कालेज को आगरा जिले में कलाम इनोवेशन एवं उद्यमिता केन्द्र स्थापित करने के लिए चुना गया है, जहाँ छात्र उद्यमिता अध्ययन के साथ साथ केन्द्र के माध्यम से होने वाली सेमिनारों एवं कार्यशालाओं में भाग ले सकेंगे एवं अपने स्टार्ट–अप प्रस्ताव पेश कर सकेंगे।

कालेज के निदेशक ने कलाम इनोवेशन एवं उद्यमिता केन्द्र बनाने के
लिए ए0के0टी0यू0 प्रशासन का धन्यवाद किया। इस अवसर पर उन्हाने कालेज में विद्यार्थियो के लिए **ई–सेल** का भी उद्घाटन किया। ई–सेल विद्यार्थियों को तकनीकी के क्षेत्र में नये विचार एवं प्रयोग करने के लिए सभी सुविधायें उपलब्ध करायेगी।

उन्हाने बताया कि सरकार द्वारा चलाये जा रहे इनोवेशन एवं उद्यमिता कार्यक्रम के तहत आनंद इंजीनियरिग कालेज जिले के इंजीनियरिंग व मैनेजमेंट के विद्यार्थियों को शोध एवं स्टार्ट–अप के लिए एक मंच उपलब्ध करायेगा, जिसका उद्देश्य छात्रों के अन्दर छिपी शोध व उद्यमशीलता की प्रतिभा को निखार कर उनके अंदर स्टार्ट–अप संस्कृति को विकसित करना होगा।

शारदा ग्रुप के वाईस चैयरमेन श्री वाई0के0 गुप्ता एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्री प्रदीप महाथा ने कालेज की इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त किया।